हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम (दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2018) का आयोजन

इस परिसर पर हिंदी पखवाड़ा (दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2018) तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन दिनांक 14.9.2018 को हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन डा. देवेन्द्र कुमार, कार्यकारी संयुक्त निदेशक महोदय द्वारा किया गया। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में हिंदी विभाग में प्राध्यापक डा. विद्यासागर सिंह जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया। इसी दिन हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के साथ-साथ इस कार्यक्रम की प्रथम प्रतियोगिता स्मरण शक्ति परख आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गो के कुल 12 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रीमती सीमा वर्मा, वरिष्ठ लिपिक को, द्वितीय पुरस्कार श्री राजेश कुमार, निजी सचिव को, तृतीय पुरस्कार डा. (श्रीमती) विनीत शर्मा को, प्रथम सांत्वना पुरस्कार डा. मेहीलाल, वैज्ञानिक वरिष्ठ वेतनमान को, तथा द्वितीय सांत्वना पुरस्कार श्री संदीप कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी को प्राप्त हुआ।

दिनांक 17.9.2018 को कुशल सहायी कर्मचारियों के लिये मौखिक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुशल सहायी वर्ग के कुल 15 सदस्यों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 3-3 सदस्यों के कुल पांच समूह बनाये गये थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार टीम सी के सदस्यों- श्री रामफल, श्री राजबीर एवं श्री जगते ने प्राप्त किया तथा समूह के रूप में द्वितीय पुरस्कार टीम डी के सदस्यों -श्री अनिल प्रसाद, श्री सत्यपाल एवं श्री राजपाल ने प्राप्त किया।

दिनांक 19.9.2018 को गैर प्रशासनिक वर्ग के लिए कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गो के (प्रशासनिक वर्ग को छोड़कर) कुल 09 सदस्यों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डा. (श्रीमती) विनीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को, द्वितीय पुरस्कार डा. संजयरावल, प्रधान वैज्ञानिक को, तृतीय पुरस्कार श्री विजय कुमार यादव को, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को, प्रथम सांत्वना डा. विजय किशोर गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक को तथा द्वितीय सांत्वना डा. (श्रीमती) बबिताचौधरी, प्रधान वैज्ञानिक वैज्ञानिक को प्राप्त हुआ।

दिनांक 20.9.2018 प्रशासनिक वर्ग के लिए कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में प्रशासनिक वर्ग कुल 06 सदस्यों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रीमती सीमा वर्मा वरिष्ठ लिपिक को, द्वितीय पुरस्कार श्री जगबीर सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी को तथा तृतीय पुरस्कार श्री राजेशकुमार, निजी सचिव को प्राप्त हुआ।

दिनांक 22.9.2018 को प्रशासनिक वर्ग के लिए हिंदी में टिपपण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रशासनिक वर्ग के कुल 06 सदस्यों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री राजेशकुमार, निजी सचिव को, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती सीमा वर्मा वरिष्ठ लिपिक का तथा तृतीय पुरस्कार श्री आशीष कल्याण कनिष्ठ लिपिक को प्राप्त हुआ।

दिनांक 24.9.2018 को तकनीकी वर्ग के लिये कृषि एवं आलू सम्बन्धी लिखित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित करायी गयी। इस प्रतियोगिता में तकनीकी वर्ग एवं एस.आर.एफ. वर्ग के कुल 09 सदस्यों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री इस्लाम अहमद, मुख्य तकनीकी अधिकारी को, डा. अशोक कुमार चौहान, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी तथा श्री विजय यादव, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त इस प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार श्री महीपाल सिंह भारती, मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं डा. (श्रीमती) विनीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को प्राप्त हुआ।

दिनांक 25.9.2018 को सभी वर्गो के लिये हिंदी में एक चित्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गो के कुल 12 सदस्यों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इसमें प्रथम पुरस्कार डा. अशोक कुमार चौहान, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी को, द्वितीय पुरस्कार डा. (श्रीमती) कमलेश मलिक, प्रधान वैज्ञानिक को, तृतीय पुरस्कार श्री महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी को, प्रथम सांत्वना पुरस्कार डा. (श्रीमती) बबिताचौधरी, प्रधान वैज्ञानिक को तथा द्वितीय सांत्वना पुरस्कार श्री इस्लाम अहमद, मुख्य तकनीकी अधिकारी को प्राप्त हुआ।

दिनांक 26.9.2018 को सभी वर्गो के लिये हिंदी एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गो के कुल 19 सदस्यों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री इस्लाम अहमद, मुख्य तकनीकी अधिकारी को, द्वितीय पुरस्कार श्री हरवीर सिंह, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को, तृतीय पुरस्कार श्रीमती सीमा वर्मा, वरिष्ठ लिपिक को, सांत्वना पुरस्कार डा. अनुज भटनागर, प्रधान वैज्ञानिक, डा. (श्रीमती) विनीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, श्री वेद सिंह, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी एवं श्री संदीप कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी को प्राप्त हुआ।

दिनांक 28.9.2018 को हिंदी पखवाड़ा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि श्री मनोज कुमार मनोज जी को जो कि हिंदी के जाने माने विद्वान एवं कवि हैं, को आमन्त्रित किया गया। हिंदी पखवाड़ा के समापन अवसर पर हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत परिसर पर आयोजित करायी समस्त प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं, निर्णायक मंड़ल के सदस्यों को मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। अन्त में अध्यक्ष महोदय के संभाषण एवं डा. अशोक कुमार चौहान, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ परिसर पर दो सप्ताह से चल रहे इस हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों का संचालन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में श्रीमती कुसुम सिंह, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, राजभाषा द्वारा किया गया।

हे भव्य भारत ही हमारी मातृभूमि हरी भरी।
हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और लिपि है नागरी।।
CPRI
हिंदी पखवाड़ा
14 - 28 सितम्बर, 2018
भाकृअनुप – केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान परिसर, मोदीपुरम, मेरठ – 250110 (उ0प्र0)

हिंदी पखवाड़ा
14 - 28 सितम्बर, 2018

हिंदी पखवाड़ा
14 - 28 सितम्बर, 2018

हे भव्य भारत ही हमारी मातृभूमि हरी भरी।
हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और लिपि है नागरी।।
हिंदी पखवाड़ा

हे भव्य भारत ही हमारी मातृभूमि हरी भरी।
हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और लिपि है नागरी।।
हिंदी पखवाड़ा

हे भव्य भारत ही हमारी मातृभूमि हरी भरी।
हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और लिपि है नागरी।।
14 - 28 सितम्बर, 2018

हिंदी पखवाड़ा